वाहन कलपुर्जा उद्योग पहली छमाही में बढ़ कर 2.65 लाख करोड़ रुपए

नई दिल्ली, 21 दिसंबर (भाषा)।

भारत का वाहन कलपुर्जा उद्योग वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में 34.8 फीसद की दर से बढ़ कर 2.65 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया। भारतीय वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एक्मा) ने बुधवार को यह जानकारी दी। संघ ने कहा कि खासतौर से यात्री वाहनों के खंड से अच्छी मांग रही। एक्मा ने कहा कि इस दौरान कलपुर्जों का निर्यात 8.6 फीसद बढ़ कर 10.1 अरब डालर (79.03 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंच गया, जबकि आयात 17.2 फीसद बढ़ कर 10.1 अरब डालर था।